07 मार्च 2025
शुक्रवार

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



समझौता हुआ तो ठीक नहीं तो सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ सकती है कांग्रेस

2



# हिंदू राष्ट्र की मांग सबसे पहले बिहार से उठेगी, हिंदुओं के लिए जीऊंगा और मरूंगा: धीरेंद्र शास्त्री

- हनुमंत कथा कहने गोपालगंज पहुंचे पंडित धीरेंद्र शास्त्री
- बोले- मेरे बिहार आने से कुछ लोगों को तकलीफ हो रही है, वे कहते हैं कि घेरेंगे, मारेंगे अरे, देश क्या तुम्हारे बाप का है?

**केटी न्यूज/गोपालगंज**

पंडित धीरेंद्र शास्त्री पांच दिन के बिहार दौरे पर हैं। गुरुवार को गोपालगंज में उनकी हनुमंत कथा का पहला दिन था। अपने प्रवचन के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने बिहार दौरे को लेकर विवादों पर खुलकर जवाब दिया। उन्होंने कहा, मेरे बिहार आने से कुछ लोगों को बहुत तकलीफ हो रही है। वे कहते हैं कि घेरेंगे, मारेंगे। अरे, तुम्हारे बाप का देश है क्या? यह रघुवर का देश है, बाबर का नहीं।

उन्होंने आगे कहा, बिहार हमारा है, जब तक जिंदा हूं, तब तक बिहार आऊंगा। अगर मुझे रोका गया तो यहां मठ बना लूंगा, घर बना लूंगा। अगर मार भी दिया गया तो अगले जन्म में फिर बिहार में जन्म लूंगा। अगर छेड़ोगे तो छोड़ूंगा नहीं। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि वह बिना किसी डर के हिंदू राष्ट्र की बात करेंगे।धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, मैं किसी भी राजनीतिक पार्टी का प्रचारक नहीं हूं, बल्कि हिंदुत्व का विचारक हूं। यह राम का राष्ट्र है और यहां राम की कथा कोई नहीं रोक सकता। हिंदू



राष्ट्र की मांग सबसे पहले बिहार से उठेगी। जब तक शरीर में जान है, तब तक हिंदुओं के लिए जीऊंगा और मरूंगा। गोपालगंज आने से पहले, कुशीनगर में उन्होंने औरंगजेब विवाद को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, यह इस देश का दुर्भाग्य है कि छत्रपति शिवाजी, छत्रपति संभाजी, महाराणा प्रताप और रानी लक्ष्मीबाई जैसे महान योद्धाओं के बावजूद औरंगजेब को आज भी महिमामंडित किया जाता है। उन्होंने कहा, समय बदल रहा है और धीरे-धीरे सब कुछ ठीक हो जाएगा। प्राचीन भारतीय संस्कृति का झंडा फिर से ऊंचा लहराएगा। मेरा दृढ़ विश्वास है कि भारत अनिवार्य रूप से हिंदू राष्ट्र बनेगा।

**8 को लगेगा दिव्य दरबार**

धीरेंद्र शास्त्री ने ऐलान किया कि 8 मार्च को गोपालगंज में दिव्य दरबार लगाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह दरबार सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लोगों की आस्था और विश्वास का केंद्र होगा।

## आरएसएस प्रमुख बोले... बिहार के लोगों में पुरुषार्थ की कोई कमी नहीं

**सुपौल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने सुपौल के बीरपुर में विद्या भारती के नए स्कूल के लोकार्पण समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उनका मिथिला की परंपरा के अनुसार पाग और शाल से स्वागत किया गया। इस दौरान विद्या भारती के छात्रों ने कई बेहतर प्रस्तुति दी। अपने संबोधन में भागवत ने बिहार और देश की सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, यह देश विश्व का मार्गदर्शन कर सकता है। उन्होंने बिहार के लोगों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यहां के लोगों में पुरुषार्थ की कोई कमी



नहीं है। दशरथ मांझी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि रास्ता बनाने के लिए उन्होंने पहाड़ को तोड़ दिया। दम रखने वाले लोग हम हैं। भागवत ने विद्या भारती से बच्चों को जोड़ने की अपील करते हुए इसे शिक्षा और संस्कार के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आज मेरे लिए यह छठ जैसा पवित्र दिन है।

आरएसएस प्रमुख ने यह भी बताया कि उनका बिहार से गहरा नाता है और वे यहां 6 साल तक क्षेत्रीय प्रचारक के रूप में कार्य कर चुके हैं।उन्होंने कहा कि जब भी बिहार आता हूं, तो कई जगह जाने का मन करता है, लेकिन समय की कमी के कारण ऐसा संभव नहीं हो पाता, वहीं उनके आगमन पर छातापुर से स्थानीय विधायक सह पीएचडी मंत्री बिहार नीरज कुमार सिंह बबलू ने कहा कि संघ प्रमुख के सुपौल के वीरपुर की धरती पर आगमन इलाके के लिए सौभाग्य की बात है।

## खबरें फटाफट

### रील बनाते समय कार नहर में गिरी दो युवकों की मौत

**गांधीनगर।** गुजरात के अहमदाबाद में रील बनाते समय एक स्कॉर्पियों कार नहर में गिर गई और उसमें सवार तीन में से दो युवकों की मौत हो गई है और तीसरा लापता है। अहमदाबाद के वासना इलाके में फतेहवाड़ी नहर में बुधवार शाम को हुए हादसे का सीसीटीवी सामने आया है कि जिसमें तीनों दोस्त एक-दूसरे के कंधे पर हाथ रखे हुए दिख रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक युवाओं के एक समूह ने सोशल मीडिया कंटेंट बनाने के उद्देश्य से वस्त्रपुर में हिमालय मॉल के पास सेल्फ-ड्राइव रेंटल सर्विस से स्कॉर्पियो कार किराए पर ली थी। समूह में मौलिक रमेश भाई जालेरा, युग वयंत, यक्ष, विराजसिंह राठौड़, कृष दवे, ध्रुव, रुतायु और यश सोलंकी शामिल थे। वे शाम करीब 6:30 बजे भाठा नहर के पास पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यक्ष ने शुरू में कार को कुछ दूर तक चलाया। इसके बाद, यश सोलंकी, ने वाहन को नियंत्रित कर लिया। यू-टर्न लेने की कोशिश करते समय कार का रुख बदल गया और वह नहर में गिर गई। कार को पानी में गिरता देख विराजसिंह ने नहर में रस्सी फेंककर अपने तीन दोस्तों को बचाने का प्रयास किया। हालांकि, तेज बहाव के कारण तीनों बह गए।

## गिरफ्तार संदिग्ध आरोपी लाजर मसीह ने पूछताछ के दौरान किया खुलासा

# महाकुंभ को दहलाने की फिराक में था बब्बर खालसा का संदिग्ध आतंकी

- पुलिस की चौकसी के कारण पूरी तरह नाकाम रही संदिग्ध आतंकी की कोशिश
- घटना को अंजाम देने के लिए आरोपी ने ड्रोन के जरिये पाकिस्तान से मंगवाए थे खतरनाक हथियार

**एजेंसी/लखनऊ**



संदिग्ध आतंकी।

महाकुम्भ में एक आतंकी द्वारा बड़े ब्लास्ट की तैयारी थी। लेकिन यूपी पुलिस के कड़े पहरे के कारण वह इस आतंकी घटना को अंजाम देने में नाकाम रहा। इस घटना को अंजाम देने के लिए आरोपी ने ड्रोन के जरिये पाकिस्तान से खतरनाक हथियार भी मंगवाए थे। महाकुम्भ में घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पुर्तगाल भाग जाने की फिराक में था। लेकिन पुलिस की चौकसी के कारण यह कोशिश पूरी तरह नाकाम रही। जिसके बाद वह छिपकर रह रहा था। पंजाब पुलिस और यूपी एसटीएफ को मिले इनपुट के बाद यूपी के कौशांबी जिले से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (BKI) और ISI मॉड्यूल के सक्रिय आतंकवादी, पंजाब के अमृतसर निवासी लाजर मसीह को गिरफ्तार किया गया।

न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, गिरफ्तार आतंकवादी लाजर बब्बर खालसा इंटरनेशनल (BKI) के जर्मन-आधारित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए काम करता है और पाकिस्तान स्थित ISI के गुर्गों के साथ सीधे संपर्क में है। यूपी एसटीएफ ने बताया कि आतंकी के पास से तीन सक्रिय हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, 13 कारतूस और एक विदेशी पिस्तौल समेत अवैध हथियार और संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ (सफेद रंग का पाउडर) बरामद हुआ है। इसके अलावा गाजियाबाद के पते वाला आधार कार्ड, एक मोबाइल फोन (बिना सिम कार्ड) मिला है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि महाकुंभ में बब्बर खालसा का संदिग्ध आतंकी लाजर मसीह बड़ी घटना करने की तैयारी में था। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान लाजर ने बताया कि वह पाकिस्तान में बैठे तीन आईएसआई एजेंटों के सम्पर्क था। घटना करने के बाद संदिग्ध आतंकी लाजर की पुर्तगाल जाने की तैयारी थी। इसके कुछ साथी पुर्तगाल में रहते है। कौशाम्बी में गिरफ्तारी से पहले वह लखनऊ और कानपुर में छुपकर रहा था। पुलिस महानिदेशक ने गुरवार को पुलिस मुख्यालय में बताया कि महाकुंभ के पहले देश विदेश में बैठे खास लोगों से गड़बड़ी की सूचना यूपी पुलिस को मिली थी।


इसी क्रम में एक महत्वपूर्ण सफलता उत्तर प्रदेश एसटीएफ को बीती रात में मिली है। यह कार्रवाई यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त आपरेशन में की गयी। गाजियाबाद से फर्जी आधार कार्ड बनवाने वाले लाजर के बारें में पंजाब पुलिस की ओर से जानकारी मिली थी। प्रशांत कुमार ने बताया कि हीरोइन की तस्करी में आतंकी लाजर पंजाब की जेल में गया था। महाकुम्भ में दौरान यूपी पुलिस की चप्पे-चप्पे में पुलिसकर्मियों की तैनाती के कारण आतंकी लाजर बड़ी घटना करने की अपनी मंशा में सफल नहीं हो सका।

### लाजर के खिलाफ बटाला शहर में दर्ज हैं कई केस

लाजर के खिलाफ पंजाब के बटाला शहर में कई केस दर्ज हैं। इनमें हत्या का प्रयास, फिरौती की मांग, नशा तस्करी आदि शामिल हैं। अपनी इन गतिविधियों के चलते कुछ महीने पहले लाजर मसीह पाकिस्तान में बैठे आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा और अमेरिका में बैठे आतंकी स्वर्ण सिंह जीवन फौजी व हैप्पी पाशिया के संपर्क में आया था। इसके बाद इन आतंकियों के लिए काम करने लगा था। लाजर मसीह ने बीते कुछ महीनों के दौरान पंजाब के अलग-अलग पुलिस थानों व चौकियों पर हुए ग्रेनेड हमलों में भी अहम भूमिका निभाई थी। साल 2023 में आरोपी ने बटाला में एक मेडिकल स्टोर मालिक पर गोलियां चला कर उसे जख्मी कर दिया था। इसके बाद आरोपी हथियारों की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार हुआ था। लेकिन साल 24 सितंबर 2024 को पुलिस कस्टडी से चकमा देकर फरार हो गया था। आरोपी ने फरार होने के बाद जीवन फौजी व हैप्पी पाशियां के कहने पर थानों पर ग्रेनेड हमला भी किया था। 23 दिसंबर 2024 को पुलिस ने तीन खालिस्तानी आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। उनके द्वारा पंजाब में कई आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया गया था। इस घटना से खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू नाराज था। उसने महाकुंभ प्रयागराज में आतंकी हमला करने की धमकी दी थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई पर उप्र सरकार को लगाई फटकार

### कोर्ट की टिप्पणी- जल्दबाजी में घर गिराना गलत



**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज में 2021 में हुई बुलडोजर कार्रवाई को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जल्दबाजी में घर गिराना गलत था और वह सरकार के खर्च पर दोबारा मकान बनवाने का आदेश दे सकता है। यह टिप्पणी जस्टिस अभय एस ओका और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने सुनवाई के दौरान दी। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि क्या वह संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) से परिचित है। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि उन्हें सिर्फ कुछ घंटों के भीतर नोटिस देकर बेघर कर दिया गया, जो कानून का उल्लंघन है। इस मामले में अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी, जिससे यूपी सरकार के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि प्रयागराज में 7 मार्च 2021 को उनकी संपत्तियों को ढहा दिया गया। इस कार्रवाई में प्रोफेसर अली अहमद और वकील जुल्फिकार हैदर समेत 5 लोगों के मकान गिराए गए। प्रशासन ने इन संपत्तियों को माफिया अतीक अहमद से जोड़ा और बिना उचित प्रक्रिया अपनाए विध्वंस कर दिया। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि उन्हें 6 मार्च की रात को नोटिस दिया गया, जबकि उस पर 1 मार्च की तारीख लिखी थी। इससे उन्हें कानूनी बचाव का मौका तक नहीं मिला।

इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने यूपी सरकार के इस तर्क को स्वीकार किया था कि विवादित भूमि नजूल लैंड थी, जिसे सार्वजनिक कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जाना था। सरकार ने कहा था कि इस जमीन की लीज 1996 में खत्म हो चुकी थी और इसे फ्री-होल्ड करने के याचिकाकर्ताओं के आवेदन 2015 और 2019 में खारिज हो चुके थे। सरकार ने इसे अवैध कब्जा मानते हुए बुलडोजर कार्रवाई को जायज ठहराया था।

## दिल्ली से पटना के बीच चलेगी वंदे भारत होली स्पेशल ट्रेन

**केटी न्यूज/पटना**

रेलवे ने होली के मौके पर दिल्ली से यूपी-बिहार के लिए स्पेशल ट्रेनों के संचालन का ऐलान किया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार होली पर्व पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए दिल्ली से पटना के बीच वंदे भारत स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पीआरओ ने बताया कि नई दिल्ली-पटना वंदे भारत स्पेशल (02436-02435) 08 मार्च से 20 मार्च तक (सोमवार को छोड़कर) नई दिल्ली से सुबह 08:30 बजे खुलेगी और उसी दिन रात 10:30 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 09 मार्च से 21 मार्च तक (मंगलवार को छोड़कर) सुबह 05:30 बजे पटना से प्रस्थान कर उसी दिन रात 8:10 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। दिल्ली-पटना सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल (04062-04061) 07 मार्च से 17 मार्च तक प्रतिदिन रात 23:55 बजे दिल्ली से खुलेगी और अगले दिन शाम 4 बजकर 40 मिनट पर पटना पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 7 मार्च से 18 मार्च तक प्रतिदिन पटना से शाम 5:50 बजे खुलेगी और अगले दिन 10:25 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

आनंद विहार-राजगीर सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल (04070-04069) 7, 11, 14 और 18 मार्च को आनंद विहार टर्मिनल से रात 12 बजकर 20 मिनट पर खुलेगी और उसी दिन शाम 7:50 बजे राजगीर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 7, 11, 14 और 18 मार्च को रात 11:30 बजे राजगीर से खुलेगी और अगले दिन शाम 7 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

## पटना में बेखौफ अपराधियों ने होटल मालिक की गोली मारकर हत्या की

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के मालसलामी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक बार फिर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया। बुधवार देर रात रेलवे गुमटी के पास संतोष कुमार नाम के होटल मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मौके से पुलिस को दो खोखे मिले हैं। जानकारी के अनुसार, संतोष कुमार अपने होटल पर बैठे थे, तभी दो अपराधी वहां पहुंचे। उन्होंने संतोष को घेरकर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली लगते ही संतोष लहूलुहान होकर गिर पड़े। स्थानीय लोग उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीपीओ डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला आपसी रंजिश का लग रहा है।




## परिवार के 100 सदस्यों ने तीन महीने की कड़ी मेहनत से तैयार किए 130 नाव

# महाकुंभ में पिंटू मल्लाह ने नाव चला कमाए 30 करोड़ रु.

**एजेंसी/प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 45 दिनों तक महाकुंभ चला। इस दौरान करीब 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। प्रदेश सरकार के खजाने में करोड़ों रूपए आए तो तीर्थराज के कारोबारी भी मुस्कराए। इन्हीं में से नैनी निवासी पिंटू मल्लाह हैं, जिनका नाम सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में लिया। पिंटू संगम में नाव चलाने का काम करते हैं। महाकुंभ के आयोजन के दौरान उन्होंने करीब 30 करोड़ रुपये की कमाई की है। अरैल निवासी पिंटू के परिवार में कुल 100 सदस्य हैं। पिंटू के परिवार के सदस्य संगम तट पर नाव के जरिए अपना भरण-पोषण करते हैं। महाकुंभ को लेकर पिंटू ने परिवार के साथ मिलकर



रणनीति बनाई और नावों के निर्माण को लेकर मेला शुरू होने से कई माह पहले से तैयारी शुरू कर दी। करीब तीन माह के अंदर परिवार के सदस्यों ने मिलकर 130 नावों को तैयार कराया, ताकि उन्हें चलाकर कुंभ में अच्छी-खासी अर्निंग की जा सके।

पिंटू ने बताया कि महाकुंभ के आगाज से पहले उसके पास पैसे नहीं थे। नाते-रिश्तेदारों के अलावा दोस्तों से पैसे मांगे पर सभी ने देने से इंकार कर दिया। पिंटू ने बताया कि थक-हार कर वह अपनी मां के पास गए और जेवरात मांगे। पहले मां भी जेवरात देने को तैयार नहीं हुई। आखिर में मां ने पिंटू को जेवरात दिए। पिंटू ने जेवरात को गिरवी रख दिया। इसके बाद नावों के तैयार करने के काम में जुट गया। नांव बनकर तैयार हो गई और संगम के तट पर पहुंच गई। पिंटू के मुताबिक, उनके परिवार ने सभी लोगों ने मिलकर 45 दिन तक चले इस महाकुंभ में करीब 30 करोड़ रुपये कमाए। उनके पास 130 नावें थीं, जिनको उन्होंने जमकर कुंभ में चलाया और खूब पैसे कमाए। वहीं, श्रद्धालुओं से मनमाना किराया लेने के सवाल पर पिंटू कहते हैं कि हम लोगों ने उतना ही किराया लिया जितना सरकारी रेट था। किसी से भी फालतू पैसा नहीं ले रहे थे। हां कुछ लोग ऐसे रहे होंगे, लेकिन हमारे लोग ऐसा कुछ भी नहीं कर रहे थे। कुछ श्रद्धालु तो खुद हम लोग को दान दे रहे थे।

**तकरीबन 50-60 हजार रुपये लगते हैं:** पिंटू ने बताया एक नाव को बनाने में तकरीबन 50-60 हजार रुपये लगते हैं। हमने 130 नाव तैयार करवाई थीं। ऐसे में पिंटू के परिवार ने एक नाव से एक दिन में 50 हजार से अधिक रुपये कमाए। यानी एक नाव से एक महीने में 23 लाख रुपये परिवार ने कमाए हैं। ऐसे में 130 नावों से उन्होंने करीब 30 करोड़ कमाए। बताया, हमारे परिवार में 100 से अधिक लोग हैं और सभी ने जमकर मेहनत की। यह हमारे लिए किसी महाप्रसाद से कम नहीं है।

# समझौता हुआ तो ठीक नहीं तो सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ सकती है कांग्रेसः जगदीश धायल

- राज्य में कांग्रेस का किसी भी पार्टी से अभी तक कोई गठबंधन नहीं हुआ है
- कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं के हित को सर्वोपरि रखकर ही कार्य करेंगी



**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

कांग्रेस के जिला प्रभारी जगदीश धायल गुरुवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। जहां उन्होंने तिलक मैदान स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब भी दिया। जगदीश धायल ने स्पष्ट कहा कि फिलहाल बिहार में कांग्रेस और महागठबंधन के बीच कोई समझौता नहीं हुआ है। अभी राज्य में कांग्रेस का किसी पार्टी से कोई गठबंधन नहीं है। लोकसभा चुनाव के वक्त जो गठबंधन था, वो केवल आम चुनाव के लिए ही थी। उन्होंने कहा कि अगर कार्यकताओं के सम्मान को प्राथमिकता दी जाती है और उचित समझौता होता है, तो हम महागठबंधन के साथ चुनाव लड़ सकते हैं। अन्यथा, कांग्रेस स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतरेगी। उनके इस बयान से साफ हो गया कि कांग्रेस अपने कार्यकताओं के हित को सर्वोपरि रखकर ही किसी गठबंधन का हिस्सा बनेगी। इसके पहले जगदीश धायल ने संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर कांग्रेस कार्यकताओं से चर्चा की। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत करना और आगामी चुनावों की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। साथ ही कार्यकर्ताओं के विचारों को जानना था कि वह इस बार के चुनाव में क्या मूड रखते है। जिससे पार्टी को मजबूती मिल सके। अधिक से अधिक सीटें प्राप्त कर सके।

## मुख्यमंत्री पद को लेकर अंतिम निर्णय कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व लेगा

मीडिया बातचीत के दौरान जब तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री पद के दावे पर सवाल पूछा गया तो धायल ने इसे उनका व्यक्तिगत विचार बताया। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री पद को लेकर अंतिम निर्णय कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व लेगा।' इस बयान से कांग्रेस के भीतर नेतृत्व को लेकर स्पष्टता बनी हुई है।संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोरजगदीश धायल ने कार्यकताओं से पार्टी की विचारधारा के अनुरूप काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकताओं को व्यक्तिगत विचारधारा से ऊपर उठकर पार्टी के सिद्धांतों के अनुसार काम करना चाहिए। उन्होंने जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल के साथ मिलकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आश्वासन दिया।नाराज कार्यकताओं से होगा संवादप्रेस कॉन्फ्रेंस में टिकट कटने से नाराज कार्यकताओं को लेकर भी सवाल उठे। इस पर धायल ने कहा, 'जो कार्यकर्ता कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े हैं, वे पार्टी से अलग नहीं होते। कुछ लोग शांत हो सकते हैं, लेकिन वे कांग्रेस से अलग नहीं हो सकते।' उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही नाराज कार्यकताओं से संवाद किया जाएगा और उनकी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।धायल ने कहा कि कांग्रेस बिहार की सभी सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रही है और बूथ स्तर पर कार्यकताओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर लोकसभा चुनाव के वक्त कांग्रेस को सम्मानजनक सीटें मिलती तो नतीजा कुछ और हो सकता था। चुनाव में सबसे अहम पार्टी के कार्यकर्ता होते है। क्योंकि वह लगातार आम जनता से संपर्क में रहते है। वह जनता के मूड को जानते है। जब उनकी बातों को दबा दिया जाता है तब पार्टी बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाती है। इस बार शीर्ष नेतृत्व यह गलती नहीं करेगी। बल्कि कार्यकार्ताओं का विचार जानने के बाद ही अगला कदम उठायेगी। इसके लिए सभी सीटें पर जोरदार मंथन किया जा रहा है। उनकी राय ली जा रही है।

### गया में जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव पर जमकर साधा निशाना

# राजनीति में युवा होना अच्छी बात है, पर अनुभव भी चाहिए : मांझी

- सीएम नीतीश कुमार अभी पूरे बिहार में प्रगति यात्रा कर रहे हैं और पूरी तरह तंदुरुस्त हैं

**केटी न्यूज/गया**



बिहार में पोस्टर पॉलिटिक्स के बीच केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव पर करारा हमला बोला है। गया में मीडिया से बात करते हुए मांझी ने कहा कि राजनीति में जितना उम्रदराज होते हैं, उतना ही परिपक्वता आती है। तेजस्वी यादव द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बूढ़ा नेता नहीं चाहिए। कहकर हमला करने पर मांझी ने कहा कि राजनीति में युवा होना अच्छी बात है, लेकिन सिर्फ युवा होने से कुछ नहीं होता, उसमें अनुभव भी होना चाहिए। मांझी ने कहा कि अगर तेजस्वी खुद को युवा समझकर बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, तो इसका मतलब है कि उनमें अभी परिपक्वता की कमी है। एनडीए में कई युवा नेता हैं, लेकिन महागठबंधन में सिर्फ तेजस्वी को ही युवा माना जाता है। सत्ता पाने के लिए महागठबंधन के नेता सिर्फ जुमलेबाजी करते हैं, जबकि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार देश और समाज के विकास के लिए समर्पित हैं। नीतीश कुमार को सीएम बनाने को लेकर तेजस्वी यादव के बयान पर मांझी ने तंज कसते हुए कहा कि जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने थे, तब तेजस्वी यादव कबड्डी खेल रहे थे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी राजनीति में अपने पिता के भरोसे आए हैं। अगर लालू प्रसाद यादव मुख्यमंत्री नहीं होते, तो शायद तेजस्वी आज क्रिकेट खेल रहे होते। तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार को खटारा गाड़ी कहे जाने पर मांझी ने तीखा पलटवार करते हुए कहा कि नीतीश कुमार अभी पूरे बिहार में प्रगति यात्रा कर रहे हैं और पूरी तरह तंदुरुस्त हैं। असली खटारा तो उनके पिताजी (लालू यादव) हैं, जिनकी हालत खुद खराब है। तेजस्वी खुद भी किसी आंदोलन के उपज नहीं हैं, इसलिए अनुभव की कमी है। महागठबंधन में सीटों के बंटवारे पर चल रही खींचतान पर मांझी ने कहा कि महागठबंधन के नेता आपस में ही लड़ रहे हैं। इंडिया गठबंधन बनाने का जो उद्देश्य था, वह अब पूरी तरह चकनाचूर हो चुका है। कांग्रेस, राजद और भाकपा-माले सभी अलग-अलग ताल ठोक रहे हैं।

## बोले सम्राट... तेजस्वी बचपन में पढ़े नहीं, क्रिकेट में पानी ढोते रह गए

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव और उनके परिवार पर जमकर हमला बोला है। सम्राट चौधरी ने कहा कि कुछ लोग गलतफहमी फैलाने में लगे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने इसी सदन में भ्रम फैलाया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने यह नहीं बताया कि इनके पिताजी ने क्या क्या किया। 2001 में छह हजार रुपये प्रति व्यक्ति आय थी। आज नीतीश कुमार नेतृत्व में 66 हजार रुपये प्रति व्यक्ति हो गई। 11 गुना अधिक आय हो चुका है। लालू यादव के राज में 1990 से 2005 तक अगर काम होता तो आज सीएम नीतीश कुमार को काम नहीं करना पड़ता। 15 साल तक कोई काम ही नहीं हुआ। केवल नाच, गान और लौंड नाच होता था। कोई विकास की बात ही नहीं थी। पता नहीं कौन-कौन सा डाटा और किस किताब की रिपोर्ट वह पढ़ रहे हैं। बचपन में पढ़े नहीं और क्रिकेट खेलते वक्त तो पानी ही ढोते रह गए बेचारे। खेलने का भी मौका नहीं मिला। पूरी क्रिकेट काल में मात्र 37 रन ही बनाया था। सम्राट चौधरी ने कहा कि यह लोग सिर्फ भ्रम फैलाने वाले लोग हैं। प्राथमिक विद्यालय में ड्रॉप रेट छह से 26 प्रतिशत है। लालू राज में 60 प्रतिशत था। यह लोग कभी विकास की बात ही नहीं करते थे। यह लोग हारने वाले लोग हैं। अगर भाजपा और सीएम नीतीश कुमार का समर्थन नहीं होता तो लालू यादव मुख्यमंत्री नहीं बनते।

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में भारी फेरबदल

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भूमि सुधार उप समाहर्त्ता एवं समकक्ष में उच्चतर प्रभार प्रदत्त कई पदाधिकारियों को वर्त्तमान पदस्थापन से स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए नए स्थान पर पदस्थापित किया गया है। स्थानांतरित होने वाले पदाधिकारियों में अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, किशनगंज रणजीत कुमार को बांका का अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बनाया गया है। अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गोपालगंज चंद्रशेखर तिवारी को अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जमुई बनाया गया है। अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, भोजपुर विजेंद्र कुमार को अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सारण बनाया गया है।










## बेलगाम पिकअप ने दो चचेरे भाइयों को रौंदा, दोनों की मौत

**मुजफ्फरपुर।** जिले के साहेबगंज क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी सवार दो चचेरे भाइयों को कुचल दिया। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजेपुर निवासी किशोर सिंह के 30 वर्षीय पुत्र छोटू सिंह और मनोज सिंह के 19 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार के रूप में हुई है। दोनों किसी काम से अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से साहेबगंज बाजार जा रहे थे, तभी कोल्ड ड्रिंक लदी बेकाबू पिकअप वैन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए, और दोनों गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही दम तोड़ बैठे। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## बोले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष... बिहार की जनता को अब लालटेन युग नहीं, विकास युग पसंद

**केटी न्यूज/पटना**




भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज विपक्ष पर तीखा हमला बोला और कहा कि बिहार की जनता अब लालटेन युग नहीं बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विकास युग पसंद कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की राजनीति सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रह गई है और वह जनता को भ्रमित करने में लगा हुआ है। पटना में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार मीडिया से बात करते हुए डॉ. जायसवाल ने कहा कि विपक्ष भाषा की मयार्दा भी भूल चुका है और बेबुनियाद आरोपों से राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले विपक्ष रोजगार और विकास की बात करता था। लेकिन जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 12 लाख रोजगार देने की घोषणा की, तो विपक्ष इस मुद्दे से पीछे हट गया।उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब कभी बिहार के युवा आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, तब विपक्ष उन्हें गुमराह करने का काम करता है। उन्होंने लालटेन के मुद्दे पर भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि एक समय था जब बिहार में छह से आठ घंटे ही बिजली रहती थी, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। फिर भी विपक्ष लालटेन की बात कर रहा है, जिससे उनकी सोच का अंदाजा लगाया जा सकता है। विपक्ष द्वारा किए जा रहे लोकलुभावन वादों पर कटाक्ष करते हुए डॉ. जायसवाल ने कहा कि एनडीए सरकार सम्मानपूर्वक हर जरूरी सुविधा देगी, न कि सिर्फ चुनावी फायदे के लिए रेवड़ियां बांटेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और दिल्ली का उदाहरण सामने है, जहां जनता ने झूठे वादों को नकार दिया। बिहार में भी केवल मोदी की गारंटी ही चलेगी।

### दीदारगंज से पटना शहर में प्रवेश करने में लग जाता है दो घंटे तक का समय

# पटना को जल्द मिलेगी जाम से राहत, 31 मार्च बनकर तक तैयार हो जाएगा दीघा-दीदारगंज मार्ग

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने गुरुवार को कहा कि राजधानी पटना में दीघा से दीदारगंज तक 21 किलोमीटर लंबे जेपी गंगा पथ का अंतिम चरण 31 मार्च तक पूरा हो जाने से शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी और उत्तर बिहार से पटना आने-जाने वालों के सफर में आसानी होगी। यह परियोजना उत्तर बिहार और पटना के बीच यातायात को सुगम बनाएगी। नितिन नवीन ने कंगन घाट से दीदारगंज तक बने पांच किलोमीटर लंबे पुल का निरीक्षण और निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह परियोजना उत्तर बिहार और पटना के बीच यातायात को सुगम बनाएगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में दीदारगंज से शहर में प्रवेश करने में दो घंटे तक का समय लग जाता है लेकिन इस कनेक्टिविटी से यात्रा का समय कम हो जाएगा। पटना घाट से भी इस मार्ग की कनेक्टिविटी जल्द ही सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि यह मार्ग जेपी सेतु और 6-लेन महासेतु से जुड़ जाएगा, जिससे आवागमन और सुचारु होगा।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा यह मार्ग गाय घाट, अशोक राजपथ, पीएमसीएच, गांधी मैदान और अटल पथ से भी जुड़ा हुआ है, जिससे ट्रैफिक दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पटना घाट से भी इस मार्ग की कनेक्टिविटी जल्द ही सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा दीघा से कोईलवर और दीदारगंज से मोकामा तक के नए विस्तार की भी योजना बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस पूरे मार्ग को मुख्यमंत्री समग्र उद्यान योजना के तहत विकसित किया जाएगा, जिसके पहले चरण में सात किलोमीटर के हिस्से को जोड़ा जाएगा। इससे यह मार्ग न केवल सुविधा प्रदान करेगा बल्कि गंगा किनारे का सौंदर्यीकरण भी सुनिश्चित करेगा। प्रयास किया जा रहा है कि जाम से लोगों को निजात मिले। समय की बचत हो।

# ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट के रूप में धनसोई बाईपास पथ का होगा निर्माण: डीएम

♦ डीएम ने इस टू लेन पथ का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने गुरूवार को टू लेन धनसोई बाईपास पथ के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने बताया कि 15 फरवरी को प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बक्सर जिलान्तर्गत टू लेन धनसोई बाईपास पथ के निर्माण की घोषणा की थी। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति मंत्रिपरिषद द्वारा रिकॉर्ड समय में 25 फरवरी को प्रदान की गई।

इस टू लेन धनसोई बाईपास पथ निर्माण के लिए कुल 9824.90 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में धनसोई बाजार के काफी व्यस्त होने एवं धनसोई बाजार पथ के संर्कीण होने के कारण प्रायः जाम की समस्या उत्पन्न होती है। इस पथ का निर्माण होने के बाद धनसोई बाजार में जाम की समस्या समाप्त हो जाएगी तथा यातायात की सुविधा भी दुरूस्त होगी। डीएम ने कहा कि इस पथ के निर्माण के बाद इलाके में रोजगार भी बढ़ेगा। डीएम ने कहा कि इस पथ के निर्माण से बक्सर एवं रोहतास जिला के बीच आर्थिक, व्यवसायिक एवं सामाजिक गतिविधियां तेज होगी। डीएम ने इस बाइपास पथ का निर्माण मानक के अनुरूप करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया और कहा कि यह बाइपास सड़क दो जिलों को भी जोड़ने का काम करेगी, लिहाजा इसका निर्माण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए।

डीएम के निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल बक्सर ने बताया कि प्रस्तावित बाईपास का एलाइनमेंट धनसोई बाजार से 01 किलोमीटर पहले से शुरू होकर सिसौंदा से 100 मीटर आगे तक होगा। प्रस्तावित पथ की कुल लंबाई 4.5 किमी है। प्रस्तावित कुल चौड़ाई 12 मीटर है। जिसमें 7 मीटर कैरेज वे एवं सड़क के दोनों ओर 2.5 मीटर शोल्डर रहेगा। वर्तमान में धनसोई बाजार के पास पथ 04 मीटर से 5.5 मीटर तक चौड़ा है।

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर सदर, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल बक्सर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजपुर, अंचलाधिकारी राजपुर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आम जन उपस्थित थे।

## एक नजर


### कार्रवाई : 1000 बच्चों में मात्र सात थे उपस्थित, डीएम ने प्राचार्या से मांगा स्पष्टिकरण



**बक्सर।** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने गुरूवार को गांधी स्मारक उच्च विद्यालय धनसोई व राजकीय बुनियादी विद्यालय उनवांस औचक निरीक्षण किया। गांधी स्मारक उच्च विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में डीएम ने पाया कि विद्यालय में कुल एक हजार छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान मात्र सात उपस्थित हैं। डीएम इस पर काफी नाराज हुए तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक से बच्चों के कम उपस्थिति के संबंध में पूछताछ की। वहीं, उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सत्यापन करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में पाया गया की भू-तल के गलियारे का फर्स क्षतिग्रस्त है। डीईओ को निर्देश दिया गया कि विद्यालय मद में उपलब्ध राशि की उपयोगिता जांच करते हुए विद्यालय के माध्यम से आवश्यक मरम्मती आदि शीघ्र कराना सुनिश्चित करेंगे। खेल मैदान के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। खेल मैदान के चहारदीवारी का निर्माण नहीं होने के कारण अतिक्रमित है। अंचलाधिकारी राजपुर को निर्देश दिया गया के इस खेल मैदान का अविलंब सीमांकन कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए खेल मैदान के चहारदीवारी का निर्माण एवं विकास कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने राजकीय बुनियादी विद्यालय उनवास का निरीक्षण भी किया। इस दौरान कुल 11 में आठ शिक्षक उपस्थित पाए गए। प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि इस विद्यालय में कुल 335 विद्यार्थी नामांकित हैं। जिसके विरुद्ध 187 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। छात्रों की कम उपस्थिति पर डीएम ने नाराजगी जताई तथा इस संबंध में प्रधानाध्यापक से शो-कॉज के लिए डीईओ को निर्देश दिया।

### डुमरांव में महिला ने फांसी लगा की आत्म हत्या

**डुमरांव।** नगर के वार्ड 33 स्थित फुलचंद कानू पथ में एक महिला ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेने के साथ ही उसके पति को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है। उसका पति नगर के चर्चित फास्ट फूड कॉर्नर पर बतौर कारीगर काम करता था तथा पांच महीना पहले ही उसकी शादी हुई थी। मृतका पूजा देवी उम्र 23 वर्ष मूलरूप से बांका जिले के लाबन गांव की रहने वाली थी। उसकी शादी पांच माह पूर्व देवघर जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र के बंदेई गांव निवासी सागर पंडित के साथ हुई थी। दोनों डुमरांव में किराये के मकान में रहते थे। जहां, गुरूवार की शाम वह अपने कमरे में एक दुपट्टे से फांसी लगा आत्महत्या कर दी। दोपहर बाद करीब तीन बजे उसका पति उसे कई बार फोन किया जब फोन रिसीव नहीं हुआ तब वह अपने किराये के मकान में आया तो दरवाजा अंदर से बंद पाया तथा खुलवाने पर भी नहीं खुला तब वह उसी मकान में रहने वाले दूसरे किरायेदार का दरवाजा खुलवा अंदर के गेट से कमरे में पहुंचा तो देखा कि उसकी पत्नी फंदे पर झूल रही है। आस पास के लोगों ने इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के साथ ही उसके पति को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उसके मायके वाले को सूचना देने का प्रयास कर रही है। गौरतलब हो कि दो दिन पूर्व भी नगर के एक व्यवसायी ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली थी।



## खबरें फटाफट

### अगलगी में दो किशोर झुलसे, लाखों की संपत्ति खाक

**बक्सर।** इटाढ़ी थाना क्षेत्र के खातिबा गांव में गुरुवार तड़के एक झोपड़ी में लगी आग से दो किशोर गंभीर रूप से झुलस गए। आग की चपेट में आकर मवेशियों सहित लाखों की संपत्ति भी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।
मिली जानकारी के अनुसार, खातिबा गांव निवासी बच्चामुनि यादव के झोपड़ीनुमा घर में अचानक आग लग गई। झोपड़ी में उनके दो बेटे अंकित कुमार (15) और श्रीराज कुमार (16) सो रहे थे। आग की लपटें तेज होने पर आसपास के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक वे गंभीर रूप से झुलस चुके थे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को बर्न वार्ड में भर्ती कर लिया। इस हादसे में किसान बच्चामुनि यादव को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। झोपड़ी में बंधी उनकी गाय झुलसकर मर गई, जबकि बाइक और साइकिल जलकर नष्ट हो गई। पशु चारा और अनाज भी पूरी तरह जल गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## डीएम ने किया रामपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

# हरहाल में छात्रावास में लक्ष्य के अनुरूप कराएं छात्रों का नामांकन: जिलाधिकारी

♦ आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्कूल में तीन गार्ड, दो परिचारी एवं जीविका के माध्यम से 12 रसोईया के साथ साथ 12 सफाईकर्मी कार्यरत

**केटी न्यूज/केसठ**



प्रखंड के रामपुर स्थित डॉ. भीम राव अम्बेदकर आवासीय विद्यालय का गुरूवार को जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भवन को दो भाग में बनाया गया है। दोनों भागों की कुल क्षमता 720 छात्रों की है। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि उक्त विद्यालय में मात्र 308 छात्र नामांकित है। छात्रों का विद्यालय में लक्ष्य के अनुरूप नामांकन नहीं होने के संबंध में जब डीएम ने पूछा तो जिला कल्याण पदाधिकारी संतोषजनक जबाव नहीं दे सकें। डीएम ने इस पर नाराजगी जताई तथा इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया कि विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप छात्रों का नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे।

निरीक्षण के क्रम में बताया गया कि दशम वर्ग के नामांकित कुल 14 छात्र इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा दे चुके है। विद्यालय में कुल 22 शिक्षक, आउटसोर्सिंग के माध्यम से विद्यालय में सुरक्षा के लिए तीन गार्ड, दो कार्यालय परिचारी एवं जीविका के माध्यम से 12 रसोईया एवं 12 सफाईकर्मी कार्यरत है। इसी क्रम में उन्होंने विद्यालय के कार्यालय, पुस्तकालय, कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात जीविका द्वारा संचालित भोजनालय की जांच की गई।

निरीक्षण के क्रम में छात्रों को उपलब्ध कराये जा रहे भोजन की जांच के क्रम में मेन्यू के अनुसार भोजन बना हुआ पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं भोजन चखकर भोजन की गुणवत्ता की जांच किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक और छात्रावास अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि छात्रों को उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन को प्रतिदिन जांच करते हुए स्वयं चख कर छात्रों को भोजन उपलब्ध करेंगे।

प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, जीविका को निर्देशित किया गया कि यदि छात्रों को उपलब्ध कराये जा रहे भोजन से स्वास्थ्य खराब होने या फूड प्वाइजनिंग की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जीविका के पर्यवेक्षक को निर्देशित किया गया कि सभी खाद्य सामग्री यथा अंडा, पनीर, दुध, सब्जी, मांस एवं मछली आदि अच्छी गुणवत्ता एवं फ्रेश सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने खाद्य सामग्री भंडार तथा साफ-सफाई का निरीक्षण के क्रम में पायी गयी त्रुटियों को निराकरण करने हेतु निर्देश दिया गया।जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु करियर काउंसलिंग के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित किया जाता है। छात्रों को प्रतियोगिता परीक्षा के संबंध में सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। इस संबंध में छात्रों से भी पृच्छा की गई। छात्रों को मैट्रिक, इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने तथा प्रतियोगिता परीक्षाओं में उर्तीण होने के संबंध में पूछने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी। निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के साथ छात्रो की पढ़ाई का स्तर उच्च गुणवत्ता के साथ प्रोत्साहित करते हुए नियमित रूप से संचालन कराना सुनिश्चित करेंगे। ताकि प्रतियोगिता परीक्षा में अत्यधिक संख्या में छात्र बेहतर अंक के साथ रैंक भी हासिल कर सके। जिला कल्याण पदाधिकारी नियमित रूप से इसका अनुश्रवण करेंगे, ताकि सभी छात्र इससे लाभान्वित हो सके। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पखवाड़ा स्वयं भी भौतिक रूप से विद्यालय का निरीक्षण करते हुए एवं छात्रों को उपलब्ध कराये जा रहे भोजन को स्वयं भोजन ग्रहण कर गुणवत्ता की जांच करेंगे।

निरीक्षण के क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी बक्सर, प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका, प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# इंस्पायर अवार्ड के लिए 68 छात्रों का हुआ चयन, मिलेंगे 10 हजार रुपये

**केटी न्यूज/बक्सर**

शिक्षा विभाग बक्सर के बेहतरीन प्रयासों से जिला में इंस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत 68 नन्हे वैज्ञानिकों का चयन हुआ है। भारत सरकार के द्वारा घोषित नन्हे वैज्ञानिकों की प्रतिभा खोज के अंतर्गत जिला के 68 नन्हें वैज्ञानिकों को भारत सरकार द्वारा 10 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि बैंक के माध्यम से दी जाएगी।

जिला बक्सर ऑनलाइन इंस्पायर अवार्ड मानक नन्हे वैज्ञानिकों की प्रतिभा खोज के अंतर्गत अपने नवाचार विचार को अपलोड करने के मामले में बिहार में सर्वश्रेष्ठ नौवें स्थान में अपना नाम दर्ज कराने में सफल रहा है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा मोहम्मद शारिक अशरफ ने चयनित सूची में नन्हे वैज्ञानिकों के नाम शामिल होने पर उन्हें जीवन में तरक्की की

वहीं, नोडल शिक्षक डॉ. मनीष कुमार शशि ने कहा कि बक्सर में प्रतिभा की भरमार है। उन्हें अपनी प्रतिभा को हमेशा दिखाना चाहिए, जिला को अगले कार्यक्रम में भी अपनी प्रतिभा का समुचित प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए, नन्हे वैज्ञानिकों को इस तरह की प्रतियोगिता में अपने नवाचार विचार को ऑनलाइन अपलोड करने में अहम भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।

# राजस्व कर्मियों की हड़ताल जारी कार्य ठप होने से निराश लौटे लोग

**केटी न्यूज/चौसा**

♦ भूमि संबंधित कार्यों के साथ आरटीपीएस की सेवाएं भी पूरी तरह ठप

गुरूवार को भी राजस्व कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहा। जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चार मार्च से जारी इस हड़ताल के कारण भूमि संबंधित कार्यों के साथ-साथ आरटीपीएस की सेवाएं भी पूरी तरह ठप हो गई हैं।

बक्सर जिले सहित पूरे राज्य में दाखिल-खारिज, खसरा-खतियान, भूमि मापी, रसीद कटवाने जैसे जरूरी कार्य रुके हुए हैं। इससे किसानों और आम नागरिकों को परेशानी हो रही है। जमीन की खरीद-बिक्री पर भी असर पड़ा है क्योंकि दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। वहीं, जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्र-युवाओं को भी समस्या हो रही है, जिससे वे विभिन्न योजनाओं और नौकरियों के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। हड़ताली कर्मियों की मांग है कि वेतन विसंगति को दूर किया जाए, सेवा स्थायी की जाए और उन्हें राजस्व उप निरीक्षक (राजस्व कर्मचारी) का दर्जा दिया जाए। सरकार से कई दौर की वार्ता के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। प्रभावित लोगों ने सरकार से जल्द हस्तक्षेप करने की मांग की है ताकि राजस्व कार्य सुचारू रूप से चालू हो सकें। अगर हड़ताल लंबी खिंचती है, तो इससे प्रशासनिक और आर्थिक गतिविधियों पर भी गंभीर असर पड़ सकता है।




## डीआरएम ने चौसा में निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

# चौसा में फ्रेट कॉरिडोर के साथ अन्य निर्माण कार्य को इसी माह तक करें पूरा: डीआरएम

♦ डीआरएम ने माल परिवहन की संभावनाओं पर विशेष ध्यान दिया

**केटी न्यूज/चौसा**



दानापुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) जयंत चौधरी ने बुधवार को चौसा रेलवे स्टेशन का दौरा किया, जहां उन्होंने निमार्णाधीन फ्रेट कॉरिडोर, लूप लाइन और गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का निरीक्षण किया। उन्होंने इन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को तय समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, चौसा में बनाए जा रहे 'ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर' को मार्च तक चालू करने की योजना है। डीआरएम ने निरीक्षण के दौरान निर्माण की गुणवत्ता और माल परिवहन की संभावनाओं पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की तकनीकी खामी न रहे और कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। जयंत चौधरी दोपहर लगभग 12 बजे चौसा पहुंचे और आधे घंटे तक विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान मंडल स्तरीय अधिकारियों के अलावा स्थानीय स्टेशन प्रबंधक मोहम्मद वसीम भी उपस्थित रहे। डीआरएम ने लूप लाइन निर्माण और कार्गो टर्मिनल की उपयोगिता पर भी चर्चा की।

गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल से क्षेत्र में व्यापार और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। रेलवे प्रशासन का मानना है कि इस परियोजना के शुरू होने से माल ढुलाई की लागत कम होगी और लॉजिस्टिक सेवाएं अधिक सुगम होंगी। स्थानीय व्यापारी और उद्यमी भी इन सुविधाओं से लाभान्वित होंगे। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने कार्यों की गति पर संतोष जताते हुए इसे और तेज करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि रेलवे की लॉजिस्टिक क्षमता बढ़ाने के लिए इन परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करना जरूरी है, ताकि देश के व्यापारिक तंत्र को और मजबूती मिल सके।



# जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है बिहार सरकार का बजट: विधायक

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बिहार सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि इस बजट में आम लोगों, छात्रों, नौजवानों, किसानों तथा मजदूरों के लिए कुछ भी नहीं है। विधायक ने कहा कि आम बजट जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका है।

बता दें कि डुमरांव विधायक द्वारा बजट सत्र में दिया गया संबोधन सुर्खियों में रहा। विधायक ने कहा है कि बिहार का बजट आम जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता। भले ही सरकार इसे विकासोन्मुखी बता रही है, लेकिन हकीकत यह है कि यह बजट आम लोगों की मुलभूत जरूरतों को पूरा नहीं कर सकता है। इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे जैसे अहम मुद्दों पर कुछ भी नहीं है। बजट के विरुद्ध ही माले नेताओं ने तीन दिवसीय विरोधी अभियान की शुरूआत भी की है। विधायक ने कहा कि सरकार को यह समझना होगा कि जनता पर उनकी जबरदस्ती थोपी गई नीतियां नहीं चलेंगी, बल्कि जनता को जिन चीजों से फायदा मिल सकता है, वैसी चीजों को इस बजट में छोड़ दिया गया है।

**शिक्षा और स्वास्थ्य पर नहीं दिया गया है ध्यान :** विधायक ने कहा कि बिहार में सबसे जरूरी शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाना है। दोनों विभाग काफी बदहाल स्थिति में है, लेकिन बजट में इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है, बुनियादी ढांचा जर्जर है, और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। इस बार के बजट में शिक्षा पर आवंटन बढ़ाने की जरूरत थी, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं दिखा। स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति भी खराब है। अस्पतालों में डॉक्टरों और उपकरणों की भारी कमी है। बिहार में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। हर साल हजारों युवा नौकरी की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर जाते हैं। राज्य में नए उद्योग लगाने और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी, लेकिन बजट में इसे लेकर कोई स्पष्ट रणनीति नहीं दिखती। न तो नए स्टार्टअप के लिए कोई ठोस प्रोत्साहन योजनाएं बनाई गईं, न ही युवाओं के लिए कोई विशेष रोजगार योजना घोषित की गई।

## एक नजर

### ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रक चालकों को पुलिस ने सिखाया सबक



**डुमरांव।** नया भोजपुर थाने की पुलिस ने पटना बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 922 पर टैफिक नियमों को उल्लंघन करने वाले ट्रक चालकों को सबक सिखाया। नवाडेरा के पास पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चला नियमों को दरकिनार कर वाहन चलाने वाले चालकों से पौने दो लाख रूपए का जुमार्ना वसूला। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया था। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने नेतृत्व में किया गया। इस दौरान गलत लेन में चलने वाले ट्रक चालकों पर पुलिस की विशेष नजर बनी रही। वहीं, ओवर लोड परिचालन करने वालों से भी जुमार्ना वसूला गया। पुलिस काफी सख्त मूड में थी तथा चालान काटने के बावजूद ट्रकों को गलत लेन से आगे बढ़ने की इजाजत नहीं दी गई, बल्कि उन्हें घुमाकर पुनः सही लेन में खड़ा कराया गया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस ने हाईवे पर स्पेशल चेकिंग अभियान चलाया और गलत लेन में चलने वाले 40 से अधिक ट्रकों को रोक, जिनके खिलाफ जुमार्ना लगाया गया।

### स्वयं सहायता समूह के प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं के विकास पर डाला गया प्रकाश



**डुमरांव।** स्वयं सहायता समूह से जुड़ महिलाएं अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है। मालूम हो कि एक महिला ग्रुप में 10 से 12 महिलाएं रहती हैं। ग्रुप से जुड़ी महिलाओं को जानकारियां देने के लिये नगर परिषद कार्यालय के सभागार में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में 260 महिलाओं ने भाग लिया। बैठक में महिलाओं को कार्य से जोड़ उनकी आमदनी बढ़ाने के लिये विभिन्न प्रकार की जानकारियों दी गई। आपस में लेन-देन करते हुए भी आगे कैसे बढ़ा जा सकता है बताया गया। इसका मुख्य उदेश्य है महिलाओं को स्वालंबी बनाना। ग्रुप में एक मुखिया का चयन होता है, जो हर जानकारी ग्रुप की महिलाओं के साथ साझा करती हैं। मालूम हो कि एसएचजी ग्रुप महिलाओं को आर्थिक स्थिति से मजबूति प्रदान करने और उन्हें काम करने के लिये प्रशिक्षित करती है। ग्रुप में जो राशि एकत्रित होती है, उससे महिलाएं आपस में लोन का लेन-देन करती हैं। फिर उस लोन को कैसे एकत्रित किया जाए उस पर काम करती हैं। सभी ग्रुप की महिला एकत्रित कैसे रहेंगी, उसके संबंध में भी विस्तार से बताया गया। स्वयं सहायता ग्रुप से जुड़ी महिलाओं का कहना है कि इससे काफी हमलोग लाभान्वित हो रही हैं। किसी के पास दया का भीख मांगने नहीं जाना पड़ता है, हमालोग आपस में ही एक दूसरे की मदद के लिये खड़ रहते है। प्रशिक्षण देने में नप प्रबंधक रश्मि कुमारी, बंगाली कुमार, सीमा देवी, संगीता देवी सहित अन्य का सराहनीय सहयोग रहा।

## खबरें फटाफट

### डुमरांव में नालों की उड़ाही शुरू



**डुमरांव।** नगर के नया थाना के पास स्टेशन रोड के पश्चिमी रेलवे गुमटी तक नालों का जाल बिछा हुआ है। बरसात और नाले का पानी इसी में जाकर जमा हो जाता है। जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ जाती है। गुरुवार से जेसीबी लगाकर गाद की सफाई नगर परिषद करा रहा है। इस संबंध में चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने बताया की स्टेशन रोड के सभी रोड कटिंग से गाद को साफ किया जा रहा है। इसके गाद को साफ ही नहीं किया जाएगा, उसमें नाली का निर्माण भी होगा। मालूम हो की स्टेशन रोड से जुड़े कई मोहल्ले बन चुके हैं। उन मोहल्लों में बहुमंजिले इमारतों की भरमार होने के बाद भी नाली की समुचित व्यवस्था नहीं हो पायी है। अधिकांश मोहल्ले के नाली का पानी रोड कटिंग में ही आकर गिरता है। यदि इस रोड कटिंग की सफाई कर नाली का निर्माण करा दिया जाता है तो शहर में प्रवेश करते ही लोगों को स्वच्छ और सुंदर दिखाई पड़ने लगेगा।

## गोलीबारी के कारण स्पष्ट नहीं, मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

# आरा में हथियारबंद बदमाश ने युवक को मारी गोली, इलाजरत



**केटी न्यूज/आरा**

♦ **जख्मी युवक का निजी अस्पताल में कराया जा रहा है इलाज**

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के गोढना रोड मोहल्ले में बुधवार की शाम हथियारबंद बदमाश ने एक युवक को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली दाहिने साइड पेट में लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार जख्मी युवक नवादा थाना क्षेत्र के गोढना रोड मोहल्ला वार्ड नंबर 44 निवासी गोविंद वर्मा का 24 वर्षीय पुत्र अभिनय कुमार है। उधर घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। इधर अभिनय कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ बाइक से आटा लाने के लिए गोढना रोड जा रहा था। जैसे ही वह बाइक पर बैठ रहा था। तभी उसी थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला निवासी एक युवक आया और उसे गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। वही दूसरी तरफ जख्मी युवक ने अनाइठ मोहल्ला निवासी देव नामक युवक पर गोली मारने का आरोप लगाया है। साथ ही उसने देव नामक यवक से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। हालांकि युक्त युवक ने उसे गोली क्यों मारी। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### अगलगी सो रही मासूम बच्ची की मौत

आरा। जिले के संदेश थाना क्षेत्र के बिछियावं गांव में गुरुवार की सुबह पूस के मकान में आग लगने से घर में सो रही एक मासूम बच्ची की जलकर घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत बच्ची संदेश थाना क्षेत्र के बिछियावं गांव निवासी कमलेश पाल की 4 वषीर्या पुत्री कनिका कुमारी है। इधर मृत बच्ची के रिश्ते में लग रहे दादा बिजेंदर भगत ने बताया कि वह चार बहन है। जिसमें एक बहन पढ़ने व दूसरी बहन अपने ननिहाल गई हुई थी। जबकि एक बहन बाहर खेल रही थी और वह पूस के मकान में चौकी पर अकेले सोई थी। जबकि उसकी मां बाजार गई हुई थी। इसी बीच घर में आग लग गई। जब उसकी बहन घर में पानी पीने गई तो उसने देखा कि घर में आग लगा हुआ है। जिसके बाद वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी कि घर में आग लग गया। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग फौरन वहां आए और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घर में लगे आपको बुझाया गया। तब तक मासूम बच्ची की मौत हो गई थी। इसके बाद ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

### मध्य विद्यालयों में होगी नये सत्र से कंप्यूटर की पढ़ाई

**डुमरांव।** प्रखंड के मध्य विद्यालयों में शिक्षा विभाग ने बच्चों को तकनीक शिक्षा में सुदृढ़ बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इन विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कंप्यूटर की पढ़ाई शुरू होगी। इसके लिए विभाग ने कंप्यूटर की पढ़ाई में रुचि रखने वाले शिक्षकों और विद्यालयों की सूची मांगा है। साथ ही जिन विद्यालयों में कंप्यूटर की उपलब्धता नही है, उसकी भी जानकारी देना है। बताया जाता है कि विद्यालयों में कंप्यूटर नहीं होने से बच्चे किताबी ज्ञान को हासिल करते है। लेकिन, कंप्यूटर चलाने के व्यवहारिक ज्ञान से वंचित होते है। ऐसे में विभाग ने नई शिक्षा नीति में कंप्यूटर शिक्षा पर जोर दिया है। विद्यालयों में कंप्यूटर की अनुपलब्धता तकनीकी शिक्षा में बाधक बनी है। प्रखंड परियोजना प्रबंधक निर्भय कुमार ने बताया कि नये सत्र में कक्षा छह से आठ वर्ग में कंप्यूटर पढ़ाने के लिए विभाग ने योजना बनायी है। जिसको लेकर कवायद शुरू की गयी है। विभागीय निर्देश के अनुसार सभी मध्य विद्यालयों में एक कंप्यूटर शिक्षक अनिवार्य रूप से नामित करना है। इन शिक्षको को विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। कंप्यूटर में रुचि रखने वाले शिक्षकों की योग्यता, रुचि, प्रखंड के नाम, स्कूल का नाम आदि की जानकारी मांगी गयी है।













